# डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई

## विश्व ओज़ोन दिवस – 2025

विश्व ओज़ोन दिवस डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, चेन्नई के तत्त्वावधान में रोचक और शैक्षिक गतिविधियों द्वारा मनाया गया। पूरे विश्व में ओज़ोन परत की रक्षा के लिए सामूहिक प्रयासों और वैश्विक प्रतिबद्धता पर ज़ोर दिया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण के साथ हुई, जिसमें ओज़ोन परत के महत्त्व और इसके संरक्षण की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद कक्षा पाँचवीं और छठी के छात्र–छात्राओं द्वारा विभिन्न ज्ञानवर्धक गतिविधियाँ प्रस्तुत की गईं।

कक्षा पाँचवीं के विद्यार्थियों ने एक मधुर गीत प्रस्तुत किया, जिसने ओज़ोन परत क्षरण के बारे में जागरूकता बढ़ाई। उनके प्रदर्शन ने मानव स्वास्थ्य, वन्य जीवों और पर्यावरण पर इसके विनाशकारी प्रभाव को दर्शाया और इसके दीर्घकालिक परिणामों पर एक व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। इसके बाद कक्षा छठी के विद्यार्थियों ने 'ओज़ोन की आवाज़' शीर्षक पर एक नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें हमारी रक्षा के व्यावहारिक तरीकों पर बहुमूल्य जानकारी दी गई। उनके बेजोड़ प्रदर्शन ने दर्शकों को अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर को और भी जीवंत बनाते हुए विद्यार्थियों ने रंग–बिरंगी कलाकृतियाँ और हृदयस्पर्शी कविताएँ प्रस्तुत कीं, जिनके द्वारा पर्यावरण के प्रति उनकी जागरूकता उभर आई। इन रचनात्मक कार्यक्रमों ने ज़ोरदार तालियाँ बटोरीं और सभी को एक स्थायी भविष्य की दिशा में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। विश्व ओज़ोन दिवस ने दर्शकों पर एक अमिट छाप छोड़ी, जिसने हमारे ग्रह की ओज़ोन परत की सुरक्षा के महत्त्व को पुष्ट किया। राष्ट्रगान और शांति पाठ के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई।

# डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई

## विश्व ओज़ोन दिवस – 2025




जीवंत पोस्टरों और विचारोत्तेजक प्रदर्शन




ओज़ोन : जीवन का अदृश्य रक्षक




ओज़ोन की रक्षा – हमारे कल की रक्षा




ओज़ोन बचाओ, जीवन बचाओ – कविता प्रस्तुति